ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 04-10-2022

उधम सिंह नगर(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2022-10-04 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2022-10-05	2022-10-06	2022-10-07	2022-10-08	2022-10-09
वर्षा (मिमी)	0.0	1.0	60.0	70.0	20.0
अधिकतम तापमान(से.)	34.0	31.0	27.0	25.0	26.0
न्यूनतम तापमान(से.)	22.0	19.0	18.0	19.0	20.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	85	95	95	95	95
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	56	65	70	75	75
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	8.0	8.0	10.0	8.0	6.0
पवन दिशा (डिग्री)	130	130	110	110	110
क्लाउड कवर (ओक्टा)	2	4	8	8	7

मौसम सारांश / चेतावनी:

विगत सात दिनों (27 सितम्बर - 3 अक्टूबर, 2022) में 0.0 मिमी वर्षा हुई व आसमान में मध्यम से घने बादल छाये रहें। अधिकतम तापमान 31.5 से 33.0 डि0से0 एवं न्यूनतम तापमान 21.1 से 23.9 डि0से0 के बीच रहा तथा वायु में सुबह 0712 बजे सापेक्षित आर्द्रता 77 से 95 प्रतिशत व दोपहर 1412 बजे सापेक्षित आर्द्रता 43 से 69 प्रतिशत एवं हवा 1.1 से 2.9 कि0मी0 प्रति घंटा की गति से मुख्यतः पूर्व-उत्तर-पूर्व व पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा से चली| आगामी पांच दिनों में, बहुत हल्की से भारी वर्षा की सम्भावना है तथा 6 व 7 को वर्षा की तीव्रता अधिक रहेगी।अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 25.0 से 34.0 व 18.0 से 22.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 6.0-10.0 किमी/घंटे की गति से पूर्व-दक्षिण-पूर्व व दक्षिण-पूर्व दिशा से चलने का अनुमान है। ईआरएफएस के अनुसार, 9 से 15 अक्टूबर के दौरान राज्य में वर्षा सामान्य से अधिक, अधिकतम व न्यूनतम तापमान सामान्य रहने का अनुमान हैं। चेतावनी: 5 से 7 अक्टूबर को कहीं-कहीं गरज के साथ आकाशीय बिजली गिरने तथा 6 अक्टूबर को कहीं-कहीं (लगभग 25 प्रतिशत क्षेत्र में) व 7 अक्टूबर को कुछ स्थानों में (लगभग 25 से 50 प्रतिशत क्षेत्र) भारी से बहुत भारी वर्षा तथा 7 अक्टूबर को कहीं-कहीं (लगभग 25 प्रतिशत क्षेत्र में) अत्यधिक भारी वर्षा हो सकती है।

सामान्य सलाहकार:

किसान भाई पिछले सप्ताह के मौसम, मौसम पूर्वानुमान और मौसम आधारित कृषि सलाह प्राप्त करने के लिए "मेघदूत ऐप" तथा आकाशीय बिजली के पूर्वानुमान हेतु "दामिनी एप" डाउनलोड करें। आगामी दिनों में भारी वर्षा के पूर्वानुमान व चेतावनी को देखते हुए किसान भाई अपने खेतो में जल निकास की उचित व्यवस्था बनाये रखें व परिपक्व फसल की कटाई कर उसे सुरक्षित स्थान पर भंडारित करें। किसान भाई फल वृक्षों के थालों में वर्षा के जल को एकत्र न होने दे व रसायनों का छिड़काव अभी रुककर मौसम साफ होने पर करें।

लघु संदेश सलाहकार:

In the coming five days, very light to heavy rain may likely to occur and rainfall activity will be more on 6 & 7 October.

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
चावल	आगामी दिनों में भारी वर्षा के पूर्वानुमान व चेतावनी को देखते हुए किसान भाई अपने खेतो में जल निकास की उचित व्यवस्था बनाये रखें व परिपक्क फसल की कटाई कर उसे सुरक्षित स्थान पर भंडारित करें। रसायनों का छिड़काव अभी रुककर मौसम साफ होने पर करें।
सरसों	आगामी दिनों में भारी वर्षा के पूर्वानुमान व चेतावनी को देखते हुए, फसल की बुवाई मौसम साफ होने पर करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
बैंगन	आगामी दिनों में भारी वर्षा के पूर्वानुमान व चेतावनी को देखते हुए किसान भाई अपने खेतो में जल निकास की उचित व्यवस्था बनाये रखें|
गोभी	आगामी दिनों में भारी वर्षा के पूर्वानुमान व चेतावनी को देखते हुए किसान भाई अपने खेतो में जल निकास की उचित व्यवस्था बनाये रखें|

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
भेंस	जिन पशुओं में एफ0एम0डी0 (मुखपका खुरपका) रोग के टीके नही लगें है उन पशुओं में तत्काल टीकाकरण करा लें। ताकि आपका पशुधन स्वस्थ रहे और उस से सही उत्पादन प्राप्त हो सके। पशुओं को हरा चारा कम मात्रा में दें तथा हरे चारे में सूखा चारा मिलाकर दें। आगामी दिनों में भारी वर्षा के पूर्वानुमान व चेतावनी को देखते हुए, किसान भाई पशुवों के रहने की उचित व्यवस्था करें व उनहे बारिश में न भीगने दें।

मुर्गी पालन विशिष्ट सलाह:

मुर्गी पालन	मुर्गी पालन विशिष्ट सलाह
मुर्गी	नमी की वजह से आहार में फफूंदी लग जाती है जिससे आहार में पोषक तत्व की कमी हो जाने से अपलाटॉक्सीकोशिश नामक बीमारी हो जाती है। इससे मुर्गियों के पेट में कीड़े पड़ने से अण्डा देने की क्षमता घट जाती है ऐसी मुर्गियों को पशु चिकित्सक की सलाह से कृमिनाशक दवा महीने में एक बार अवश्य दें।